हरिभूमि
# रायगढ़-जशपुर भूमि
बिलासपुर, शनिवार 10 मई 2025

तापमान
अधिकतम 42.0 डिग्री
न्यूनतम 22.0 डिग्री

4
जिले में हमेशा के लिए बंद हो जाएंगे 510 सरकारी स्कूल




[ खरसिया| सारंगढ़| घरघोड़ा| धरमजयगढ़| पुसौर| बरमकेला| लैलूंगा| तमनार ]

## खबर संक्षेप

### सुशासन तिहार में क्विज प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता आज

**रायगढ़।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के निर्देश पर प्रदेशभर में सुशासन तिहार का आयोजन किया जा रहा है। सुशासन तिहार का तीसरा चरण 05 मई से 31 मई तक चलेगाए जिसमें आमजनों के लिए समाधान शिविरों का आयोजन किया जा रहा। सुशासन तिहार के तीसरे चरण के अवसर पर 10 मई, शनिवार को कमला नेहरू पार्क में शाम 6.30 बजे मनोरंजक गतिविधियों के बीच शासकीय योजनाओं से संबंधित क्विज प्रश्नोत्तरी का आयोजन किया जाएगा। स्पर्धाओं में जीतने वाले प्रतिभागियों को मौके पर ही डिस्काउंट वाउचर, कूपन, उपहार दिया जाएगा।

### आंबा में रिक्त सहायिका पद के लिए 23 तक आवेदन

**रायगढ़।** एकीकृत बाल विकास परियोजना रायगढ़ ग्रामीण सेक्टर किरोड़ीमल नगर अंतर्गत आंगनबाड़ी केन्द्र कोड़तराई क्रमांक 2 ;बसंतपुरद्ध ग्राम पंचायत कोड़तराई में रिक्त सहायिका के एक पद की पूर्ति हेतु 23 मई तक आवेदन पत्र मंगाए गए है। इच्छुक आवेदिका परियोजना अधिकारी एकीकृत बाल विकास परियोजना रायगढ़ में जमा कर सकते है। आंगनबाड़ी सहायिका की नियुक्ति से संबंधित विस्तृत निर्देश व नियम शर्तो का परियोजना कार्यालय के सूचना पटल पर अवलोकन किया जा सकता है।

### पीएटी-पीव्हीपीटी प्रवेश परीक्षा 15 मई को

**रायगढ़।** छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मण्डल रायपुर द्वारा 15 मई को पीएटी-पीव्हीपीटी प्रवेश परीक्षा आयोजित की जाएगी। कलेक्टर मयंक चतुर्वेदी ने परीक्षा के सफल संचालन हेतु डिप्टी कलेक्टर श्री समीर बड़ाए मोबाइल नंबर 97103.26488 को नोडल अधिकारी एवं व्याख्याता शासणहाईस्कूल मिड़मिड़ाए रायगढ़ बाबूलाल पटेल, मोबाइल नंबर 97552.15616 को सहायक नोडल अधिकारी नियुक्त किया है। अपर कलेक्टर अपूर्व प्रियेश टोप्पो नोडल अधिकारी नियुक्त रायगढ़। राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण, नई दिल्ली के निर्देशानुसार कलेक्टर मयंक चतुर्वेदी ने जिला विधिक सेवा प्राधिकरण एवं जिला प्रशासन के मध्य समन्वय स्थापित करने हेतु अपर कलेक्टर एवं अपर जिला दण्डाधिकारीए रायगढ़ अपूर्व प्रियेश टोप्पो, मोबाइल नंबर 97709.89049 को नोडल अधिकारी नियुक्त किया है।

### कोचिंग हेतु ऑनलाइन प्रस्ताव 5 जून तक

**रायगढ़।** मुख्यमंत्री बाल भविष्य सुरक्षा योजनान्तर्गत संचालित प्रयास आवासीय विद्यालय रायगढ़ में कक्षा 9 वीं,10 वीं, 11 वीं एवं कक्षा 12 वीं वर्ष 2025-26 से 2028-29 तक 4 वर्ष की अवधि के लिए अध्यापन एवं कोचिंग कार्य हेतु रूचि की अभिव्यक्ति ऑनलाईन प्रस्ताव 5 जून आमंत्रित की गई है। इच्छुक कोचिंग संस्थाएं आवेदन का प्रारूपए न्यूनतम पात्रता शर्ते सुरक्षा निधि की राशि तथा अन्य जानकारी विभाग की वेबसाईट तथा ई.प्रोक्योरमेंट वेब पोर्टल से अवलोकन कर डाउनलोड कर सकते है।

# पीटा एक्ट के आरोपी को दबोचने के बजाय उसके घर से सिलेंडर पकड़ रही पुलिस


## खरसिया में देहव्यापार के आरोपी को पकड़ने में पुलिस हो रही फेल

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

खरसिया के लक्ष्मी लॉज के संचालक व पीटा एक्ट के आरोपी सोनू अग्रवाल को गिरफ्तार करने के बजाय पुलिस उसके घर से सिलेंडर जप्त कर रही है। पुलिस द्वारा फरार सोनू को जल्द पकड़ कर सलाखों के पीछे भेजने के दावे खोखले निकले हैं।

दरअसल, कुछ सप्ताह पहले देहव्यापार की सूचना पर प्रशिक्षु आईपीएस हर्षित मेहर के नेतृत्व में खरसिया पुलिस ने क्षेत्र के लक्ष्मी लॉज में दबिश दी थी। जहां पुलिस टीम को चार जोड़े (चार युवक, चार युवतियां कुल 8) आपत्तिजनक हालत में मिले थे। वहीं गिरफ्तारी के डर से लॉज संचालक फरार हो गया था। इन जोड़ों पर पुलिस ने कार्रवाई करने के बजाय नरमी बरती थी। पुलिस ने उन्हें समझाइश देकर छोड़ दिया था। वहीं उस वक्त पुलिस ने अपने बयान में कहा था कि इस मामले में लॉज मालिक ही मुख्य आरोपी है। वही अपने लॉज में इस तरह का कृत्य करा रहा था, ऐसे में जल्द ही उसे गिरफ्तार कर उसके खिलाफ पीटा एक्ट के तहत कार्रवाई की जाएगी।

कुछ दिन बाद सोनू वापस खरसिया लौट आया और फिर से लॉज का संचालन कर रहा है, लेकिन पुलिस पीटा एक्ट के मामले में उसे दबोचने के बजाय उसके घर से सिलेंडर जप्त कर रही है। सूत्रों की मानें तो कुछ दिन पूर्व ही प्रशिक्षु आईपीएस के नेतृत्व में पुलिस टीम ने सोनू अग्रवाल के घर छापेमार कार्रवाई करते हुए 32 सिलेंडर जप्त किया था। वहीं मामले को खाद्य



विभाग को सौंप दिया गया है, लेकिन पीटा एक्ट के मामले में आरोपी पर किसी प्रकार की कोई कार्रवाई नहीं की गई।

इस तरह पुलिस के अधिकारी अपने ही बयान से पलटते नजर आ रहे हैं। जिससे क्षेत्र में खरसिया पुलिस की काफी किरकिरी हो रही है।

### जल्दबाजी में हुई कार्रवाई से बिगड़ा मामला

सूत्रों की मानें तो पुलिस ने शुरू से ही इस मामले में कार्रवाई करने में जल्दबाजी कर दी। पुलिस द्वारा लॉज से पकड़े गए चार जोड़ों को बिना कार्रवाई के ही छोड़ दिया गया। ऐसे में अब पुलिस लॉज संचालक को कैसे किस अपराध में आरोपी बनाएगी? अगर पुलिस लॉज संचालक पर पीटा एक्ट के तहत कार्रवाई करती है तो पहले उन चार जोड़ों को भी खोज कर पकड़ना होगा। बिना कॉल गर्ल और ग्राहक के आखिर कैसे लॉज संचालक को आरोपी बनाया जा सकता है? यही कारण है कि पुलिस के सामने आरोपी होने के बाद भी पुलिस उसका कुछ बिगाड़ नहीं पा रही है।

मैनें बाद में पढ़ा कि पीटा एक्ट एक जमानती अपराध है, इसलिए इस मामले में लॉज संचालक पर कोई केस नहीं बन रहा था। इसलिए मैनें उस पर कार्रवाई नहीं की।
**हर्षित मेहर**, प्रशिक्षु आईपीएस, खरसिया

### धारा कम प्रभावी होने का मिला फायदा, आरोपी जेल से रिहा

दरअसल उस दिन खरसिया पुलिस ने लक्ष्मी लॉज के अलावा धरसा रोड में भी एक महिला के घर में दबिश दी थी। जहां पुलिस ने महिला दलाल गौरी दर्शन सहित दो युवतियों व एक युवक को रंगे हाथ पकड़ा था। उस वक्त पुलिस को पता ही नहीं था कि खरसिया में पीटा एक्ट लागू है, ऐसे में पुलिस ने उन पर प्रतिबंधात्मक कार्रवाई कर दी। बाद में जब पुलिस को पता चला कि यहां पीटा एक्ट लागू है तब तक कागजी कार्रवाई पूरी हो चुकी थी। प्रतिबंधात्मक कार्रवाई में धारा कम प्रभावी होने से महिला दलाल, कॉल गर्ल व ग्राहक को इसका फायदा मिला और वो कुछ दिन में ही जेल से रिहा हो गए। अगर आरोपियों पर पीटा एक्ट के तहत कार्रवाई होती तो इसमें सजा का भी प्रावधान है।

## पशु चिकित्सा विभाग ने 44 कर्मचारियों की सेवा समाप्त कर दी

# हाईकोर्ट ने कहा-जिसका चयन अमान्य उसे हटाएं, लेकिन विभाग ने सबको हटा दिया



मामले की शिकायत राज्य शासन से की गई थी। सरकार के आदेश के बाद जांच समिति गठित हुई। जांच में यह पाया गया कि भर्ती प्रक्रिया में महिला आरक्षण नियमों का पालन नहीं किया गया। दिव्यांग, अनुसुचित जाति, भूतपूर्व सैनिकों के आरक्षण पर भी ध्यान नहीं दिया गया था। इसके आधार पर यह कार्रवाई की गई है।
**धरमदास झरिया**
उपसंचालक, पशु चिकित्सा विभाग

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

पशुधन चिकित्सा विभाग में वर्ष 2012 में चतुर्थ वर्ग के 44 कर्मचारियों की भर्ती नियमों के विरूद्ध किए जाने का हवाला देते हुए विभाग ने उक्त सभी कर्मचारियों की सेवा समाप्त कर दी। जबकि इस मामले में कर्मचारियों द्वारा हाई कोर्ट में लगाई गई याचिका पर सुनवाई करते हुए न्यायालय ने जांच कर संबंधित किसी चयनीत अभ्यर्थी का चयन अवैध व अमान्य पाए जाने की स्थिति में सेवा से हटाने की कार्रवाई को लेकर आदेश दिया था। हालांकि इस आदेश में यह कही भी नहीं लिखा था कि सभी चयनीत अभ्यर्थियों को हटाया जाए।

इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार 29 फरवरी 2012 को कार्यालय उप संचालक, पशु चिकित्सा सेवाएं द्वारा चतुर्थ श्रेणी के कर्मचारियों की भर्ती को लेकर विज्ञापन जारी किया गया था। चयन की इस प्रक्रिया के बाद 16 जुलाई 2012 को सभी 44 अभ्यर्थियों का नियुक्ति पत्र जारी किया गया। इसी बीच 10 अगस्त 2012 को आनंद विकास मेहरा ने परिचायक सह चौकीदार सीधी भर्ती के संबंध में की गई भर्ती में भ्रष्टाचार और अनियमितता होने के संबंध में शिकायत पत्र तत्कालीन जिला पंचायत अध्यक्ष को सौंपा था। उक्त शिकायत पत्र के आधार पर ही तत्कालीन अपर कलेक्टर एसके शर्मा के द्वारा 14 सितंबर 2012 को इस मामले में जांच कर जांच प्रतिवेदन कलेक्टर के समक्ष प्रस्तुत किया। जिसके बाद जिला कार्यालय द्वारा 18 सितंबर 2012 को उक्त भर्ती को निरस्त करने के लिए कार्यालय उप संचालक पशु चिकित्सा सेवाओं को निर्देशित किया गया।

### उच्च न्यायालय ने यह दिया आदेश

इस मामले में उच्च न्यायालय ने याचिकाकर्ता के चयन में जांच अधिकारी एवं पारदर्शिता की कमी व आरक्षण नीति का पालन न करने, विशेष रूप से 32 विज्ञापित पदों के विरूद्ध 44 नियुक्तियां की गई तथा बाद में संसोधन के माध्यम से चयन प्रक्रिया में बदलाव किया गया। किंतु इन सब के बावजूद पूरी चयन प्रक्रिया को रद्द नहीं किया जाना चाहिए था और इसके बजाए जिस उम्मीदवार का चयन अमान्य व अवैध पाया गया होगा केवल उसका चयन ही व्यक्तिगत रूप से रद्द किया जाना चाहिए था, वहीं कुछ उम्मीदवार होंगे जिनका चयन सही मानदण्डों अनुसार हुआ होगा।

### कोर्ट ने कहा कुछ, और विभाग ने किया कुछ

चयन प्रक्रिया भर्ती नियमों की अनियमितता होने की बात कही गई। किंतु कर्मचारियों की मानें तो चयन प्रक्रिया में जितनी भी अनियमितताएं बताई गई हैं, वह सभी प्रक्रियाएं विभागीय अधिकारी व चयन समिति मे शामिल 5-7 अधिकारियों द्वारा प्रक्रिया में अपनाई गई हैं, किसी भी अभ्यर्थी को चयन करने का काम विभाग का होता है तो ऐसे में अभ्यर्थी इसके लिए दोषी कैसे ठहराया जा सकता है। वहीं बताया गया कि संबंधित चयन समिति में कार्यरत अधिकारियों ने भी उच्च न्यायालय में याचिका लगाई थी जिसमें उनके पक्ष में फैसला आया और वे वर्तमान में विभिन्न जगहों पर अपनी सेवाएं दे रहे हैं।

### कोर्ट ने निरस्ती आदेश पर दिया स्टे

27 सितंबर 2012 के 44 कर्मचारियों की नियुक्ति को निरस्त करते हुए सेवाएं समाप्त की गई। इसके पश्चात विभाग द्वारा की गई कार्रवाई को चुनौती देते हुए 44 कर्मचारियों ने उच्च न्यायालय बिलासपुर में याचिका लगाई। ऐसे में उच्च न्यायालय ने इस निरस्ती आदेश को 3 अक्टूबर 2012 को स्थगन प्रदान किया और सभी कर्मचारियों की सेवाएं निरतंर जारी रखने के लिए आदेशित भी किया।

### ड़ेढ माह बाद थमाया सेवा समाप्ति का आदेश

इस संबंध में बताया कि इस मामले में सेवा समाप्ति का आदेश 27 मार्च को जिला कार्यालय को प्राप्त हो चुका था। किंतु इस समय कर्मचारियों को इसकी जानकारी नहीं दी गई और न ही इस आदेश की प्रति उन्हें दी थी। किंतु डेढ़ माह बाद उन्हें सेवा समाप्ति का यह आदेश थमाया गया, जो कहीं न कहीं संदेश को जन्म देता है।

### कोटरी के शिकार मामले में दो आरोपी गिरफ्तार

**रायगढ़।** लैलूंगा वन परिक्षेत्र में कोटरी के शिकार के मामले में दो आरोपियों को वन अमले ने गिरफ्तार किया है। आरोपियों के खिलाफ वन्यजीव संरक्षण अधिनियम के तहत कार्रवाई की गई है। कोटरी को मारकर उसका मांस खाने की पुष्टि हुई है। इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार वन अमले को मुखबीर से सूचना मिली थी कि ग्राम कुर्रा निवासी संतु राम राठिया और अलार राउत ने कोटरी का शिकार किया, जिसके बाद उसका मांस भी दोनों ने साझा करते हुए मांस को पका कर खा लिया। जब इस बात की जानकारी मिली तो वन अमले ने दोनों के घर में दबिश दी और दोनों आरोपियों को गिरफ्तार किया। जब वन अमला मौके पर पहुंचा तो उनके घर पर मांस के अवशेष और शिकार में इस्तेमाल किए गए औजार भी मिले, जिसे बरामद कर लिया गया। दोनों आरोपियों पर भारतीय वन्यजीव संरक्षण अधिनियम 1972 की धाराओं के अंतर्गत मामला दर्ज किया गया है।

## बिना हेलमेट गाड़ी चला रहे थे पुलिस वाले, कार्रवाई

**रायगढ।** बिना हेलमेट वाहन चलाने वाले पुलिसकर्मियों पर पहली बार जेल में कार्रवाई की गई। इसके तहत करीब 10 पुलिसकर्मियों पर चालानी कार्रवाई की गई। बता दें कि पुलिस अधीक्षक दिव्यांग पटेल द्वारा सभी थाना, चौकी और विभिन्न कार्यालयों में पदस्थ कर्मियों को ड्यूटी या निजी कार्य के लिए दुपहिया चलाने पर हेलमेट पहनने तथा अन्य लोगों को भी हेलमेट पहनने के लिए प्रोत्साहित करने को कहा है। इस संबंध में डीएसपी ट्रैफिक को निर्देशों का पालन सुनिश्चित कराने के निर्देश भी दिए गए हैं। जिसके तहत डीएसपी ट्रैफिक के नेतृत्व में यातायात पुलिसकर्मियों द्वारा पुलिस कार्यालय, रक्षित केन्द्र व थानों में पुलिसकर्मियों की जांच की गई। इस दौरान पुलिस कार्यालय और रक्षित केन्द्र में 10 पुलिसकर्मियों को बिना हेलमेट दुपहिया वाहन चलाने पर मोटर व्हीकल एक्ट के तहत कार्यवाही कर 500-500 रुपये का चालान काटा गया। ट्रैफिक डीएसपी डीएसपी उत्तम प्रताप सिंह ने बताया कि यातायात नियमों की अनदेखी जानलेवा साबित हो सकती है। इसीलिए यह अभियान केवल आम नागरिकों तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि शासकीय व अर्धशासकीय कर्मचारियों पर भी उतनी ही सख्ती से लागू होगा। उन्होंने कहा कि भविष्य में भी शासकीय कार्यालयों के बाहर नियमित चेकिंग जारी रहेगी।

### छाल वन परिक्षेत्र व गोमर्डा अभयारण्य की घटना

# तेंदूपत्ता तोड़ने गए 7 पर भालू व सुअर का हमला

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

धरमजयगढ़ वनमंडल के छाल वनपरिक्षेत्र में तेंदूपत्ता तोड़ रहे 5 ग्रामीणों पर जंगली सुअर ने हमला कर दिया तो वहीं गोमर्डा अभ्यारण्य में भी 2 ग्रामीणों पर भालू ने हमला कर उन्हें बुरी तरह से घायल कर दिया। सभी घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उनका इलाज जारी है।

इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार पहली घटना धरमजयगढ़ वन मंडल के छाल रेंज की है। जहां छाल रेंज के देउरमार निवासी मनीराम, दिलीप राठिया, सुमीत्रा राठिया और ग्राम गलीमार निवासी इंद्रासो व राजकुमार रोज की तरह शुक्रवार की सुबह जंगल में तेंदूपत्ता तोड़ने गए थे। वे जंगल में जब तेंदूपत्ता तोड़ रहे थे, तभी वहां जंगली सुअर का एक झुंड वहां पहुंचा और उस दल ने वहां मौजूद पांचों ग्रामीणों पर हमला



कर दिया। ऐसे में ग्रामीणों की चीख पुकार सुनकर आस पास में तेंदूपत्ता तोड़ रहे ग्रामीण भी वहां पहुंचे और जंगली सुअर के झूंड को भगाया। जिसके बाद इस घटना की जानकारी क्षेत्रीय वन अमले को दी गई। सूचना मिलने के बाद तत्काल वनकर्मी मौके पर पहुंचे और घायलों को इलाज के लिए अस्पताल लाया गया। जहां उनका इलाज चल रहा है। वहीं घायलों को सहायता राशि भी प्रदान की गई। वन अमले ने इस घटना के बाद ग्रामीणों को अकेले जंगल में नहीं जाने की अपील की है। इसके अलावा दूसरा मामला सारंगढ़-बिलाईगढ़ जिले के गोमर्डा अभयारण्य के अंतर्गत बरमकेला रेंज का है। जहां चांटीपाली बीट के ग्राम रोहिनापाली निवासी महेन्द्र बाग और चनामुड़ा गांव निवासी पूजा सिदार शुक्रवार की सुबह जंगल किनारे अपने खेत में धनिया लेने गए थे। तभी वहां अचानक एक भालू आ गया और उसने उन पर हमला कर दिया। इससे उनके सिर और चेहरे पर गंभीर चोट पहुंची। इसके बाद भालू जंगल की ओर चला गया। घटना के बाद मामले की सूचना वन अमले को दी गई और घायलों को बरमकेला स्वास्थ्य केन्द्र ले जाया गया। जहां दोनों का इलाज चल रहा है।



9- MAY- RAG Bhoomi- p-2_Layout 1 5/9/2025 8:43 PM Page 1



## खबर संक्षेप

### पीएम आवासः संविदा पदों की पात्र-अपात्र सूची जारी

**जशपुरनगर।** प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण अंतर्गत जिला व जनपद स्तर पर संविदा पद हेतु विज्ञान जारी किया गया था। उक्त पदों हेतु दावा आपत्ति आमंत्रित उपरांत निराकरण सूची एवं पात्र-अपात्र सूची जारी किया गया है जिसकी सूची जिला पंचायत के सूचना पटल पर प्रकाशित किया गया है एवं जिले के वेबसाईट पर अपलोड किया गया है।

### 20 लाख का नशीला इंजेक्शन व कफ सिरप बरामद

**अम्बिकापुर।** नशे के खिलाफ चलाए गए अभियान में सरगुजा पुलिस ने बड़ी सफलता हासिल की है। पुलिस ने दो अलग अलग मामलों में कार्रवाई करते हुए 20 लाख रूपए का नशीला इंजेक्शन और कफ सिरप, मोबाइल फोन, वाहन जब्त किया है। बता दें कि एसएसपी राजेश अग्रवाल के निर्देश पर नशे के कारोबार के खिलाफ विशेष अभियान चलाकर कार्रवाई की जा रही है। इसी कड़ी में 7 मई को मुखबिर से मिली सूचना के आधार पर गांधीनगर पुलिस ने छापामार कार्रवाई की। पुलिस ने गंगापुर निवासी 36 वर्षीय पंकज गुप्ता आ. स्व. कमलेश गुप्ता के किराए के मकान का के किराए के मकान में छापा मारा तो आरोपी के घर की तलाशी में तीन प्लास्टिक कैरेट ट्रे व दो बैग, एक नग प्लास्टिक पॉलीथिन में 1725 नग प्रतिबंधित इंजेक्शन एवं 310 नग नारकोटिक्स युक्त सिरप के साथ ही 36960 रूपए नगद, तीन नग मोबाइल फोन बरामद किया गया। आरोपी द्वारा नशे का सामान आस पास के क्षेत्रों में खपाए जाने की बात स्वीकार की। पुलिस ने आरोपी के पास से कुल 19 लाख रूपए का इंजेक्शन और कफ सिरप बरामद किया है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ 22(सी) एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्रवाई की है। इस कार्रवाई में थाना प्रभारी गांधीनगर गौरव कुमार पाण्डेय, सउनि विपिन कुमार तिवारी, महिला आरक्षक प्रिया रानी, आरक्षक अतुल सिंह, अरविन्द उपाध्याय, विकास सिंह, ऋषभ सिंह, धीरज सिंह, कसमुद्दीन अंसारी, सैनिक अनिल साहू, रौशन गुप्ता सक्रिय रहे।

### म्यूल एकाउंट संचालन मामले में दो आरोपी गिरफ्तार

**बिश्रामपुर।** साईबर पोर्टल से म्यूल एकाउंट संचालन मामले की मिली सूचना के बाद सक्रिय हुई बिश्रामपुर पुलिस म्यूल एकाउंट संचालन मामले के आरोपी दो युवकों प्रीतम सिंह पिता शोभनाथ सिंह 26 वर्ष एवं विकेश गिरी पिता स्व अरुण गिरी 28 वर्ष दोनों निवासी सिलफिली को गिरफ्तार कर आज न्यायालय पेश किया है।पुलिस ने बताया कि पकड़े गए आरोपियों द्वारा अलग अलग लोगों का विभिन्न बैंकों में खाता खुलवाकर ठगी की रकम की अफरा तफरी किए जाने की सूचना साइबर पोर्टल के माध्यम से प्राप्त हुई थी।सूचना पर जांच अधिकारी एडिशनल एसपी संतोष महतो के निर्देश पर बिश्रामपुर पुलिस ने दोनों आरोपी प्रीतम सिंह और विकेश गिरी को धारा 420,413,120 बी आईपीसी के तहत गिरफ्तार कर आज न्यायालय पेश किया है।आरोपियों द्वारा एक्सिस बैंक के एक खाते में ठगी की रकम 61 हजार 581 रु का ट्रांजक्शन किया गया था उनके द्वारा अलग अलग बैंकों में खुलवाए गए अन्य बैंक खातों की पुलिस जांच कर रही है।पुलिस ने पकड़े गए दोनों आरोपियों को आज न्यायालय पेश किया। जहां उन्हें न्यायालय के आदेश पर जेल दाखिल कराया गया है।

### पैसों की मांग आरोपी गिरफ्तार

**अंबिकापुर।** युवती की आपत्तिजनक वीडियो वायरल करने और पैसों की मांग करने के मामले में पुलिस ने कार्रवाई करते हुए आरोपी युवक को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार किया है। बलरामपुर जिले के सनावल पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार युवती के भाई ने थाने में आकर शिकायत दर्ज कराई थी कि सनावल निवासी 20 वर्षीय बालेश्वर यादव आ. देवचंद यादव द्वारा उसके बहन की निजी वीडियो और फोटो वायरल करने की धमकी देकर पैसों की मांग की जा रही है ।इसके साथ आए दिन गाली गलौज कर मारपीट करने की धमकी दी जा रही है। इस शिकायत के बाद पुलिस ने आरोपी बालेश्वर यादव को बीएनएस की धारा 308(2), 296, 115(2), 351(3) के तहत गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने आरोपी से घटना में प्रयुक्त मोबाइल फोन जब्त करने के बाद उसे जेल भेज दिया गया है।

---

### भावनाएं आहत करने पर मांगी माफी

# सोशल मीडिया पर आपत्तिजनक पोस्ट करने वाला आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

जिले के कुनकुरी थाना क्षेत्र में धर्म विशेष के विरुद्ध सोशल मीडिया पर आपत्तिजनक पोस्ट करने वाला आरोपी युवक को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी ने पुलिस की गिरफ्त में आने के बाद एक वीडियो जारी कर सार्वजनिक रूप से माफी मांगी है। मामले को लेकर जिले में शांति बनाए रखने के लिए पुलिस प्रशासन सतर्क है।

- पुलिस की सतर्कता से पकड़ा गया आरोपी

#### क्या है मामला

कुनकुरी क्षेत्र के रेमते रोड, जामटोली निवासी मो.शाहिल खान 27 वर्ष द्वारा सोशल मीडिया पर एक ऐसी पोस्ट की गई, जो धार्मिक भावनाओं को आहत करने वाली मानी गई।

**धार्मिक सौहार्द्र बिगाड़ने की कोशिश नाकाम**



आरोपी

#### पुलिस ने की कानूनी कार्रवाई

पुलिस ने आरोपी को हिरासत में लेते हुए भारतीय न्याय संहिता की धारा 170, 126, और 135(3) के तहत प्रतिबंधात्मक कार्रवाई की। ये धाराएं सार्वजनिक शांति भंग करने, धार्मिक भावनाएं भड़काने और समाज में तनाव फैलाने जैसे गंभीर अपराधों से जुड़ी हुई हैं।

#### पुलिस की तत्परता से आरोपी की हुई पहचान

कुनकुरी थाना प्रभारी निरीक्षक राकेश कुमार यादव के नेतृत्व में टीम ने डिजिटल माध्यमों से जांच शुरू की। सोशल मीडिया अकाउंट की निगरानी और तकनीकी विश्लेषण के आधार पर आरोपी की पहचान मो.शाहिल खान पिता सिद्धकी खान के रूप में हुई, जो मूलतः झारखंड राज्य के गुमला जिले स्थित पतराटोली गांव का निवासी है। वर्तमान में कुनकुरी थाना क्षेत्र में रह रहा था।

#### एसएसपी का सख्त संदेश

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक शशि मोहन सिंह ने स्पष्ट किया कि किसी को भी धर्म के नाम पर नफरत फैलाने की अनुमति नहीं दी जाएगी। ऐसे मामलों में सख्त से सख्त कार्रवाई की जाएगी ताकि जिले में शांति और सौहार्द्र बनी रहे। उन्होंने नागरिकों से अपील की, कि वे सोशल मीडिया पर संयम बरतें और किसी भी भ्रामक या भड़काऊ सामग्री को साझा करने से बचें।

#### धार्मिक सौहार्द्र बनाए रखना हम सभी की जिम्मेदारी

इस घटना से स्पष्ट होता है कि प्रशासन सोशल मीडिया के दुरुपयोग को लेकर पूरी तरह सतर्क है। धार्मिक सौहार्द्र को बनाए रखना हम सभी की जिम्मेदारी है और ऐसी किसी भी गतिविधि के खिलाफ सख्त कार्रवाई ही समाज की एकता और शांति की गारंटी है।

---



कार्यक्रम में उपस्थित अतिथि।

## आपकी पुलिस, आपके द्वार कार्यक्रम में बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने लिया हिस्सा

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

जिले में बढ़ते साइबर अपराध, मानव तस्करी और महिला सुरक्षा जैसे गंभीर विषयों पर लोगों को जागरूक करने के लिए पुलिस ने यूनिसेफ के सहयोग से एक नई पहल शुरू की है। इसी कड़ी में बुधवार को थाना लोदाम क्षेत्र के ग्राम पोरतेंगा में आपकी पुलिस, आपके द्वार कार्यक्रम के तहत जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अनिल कुमार सोनी मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए, वहीं एसडीओपी चंद्रशेखर परमा ने लोगों को संबोधित किया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में ग्रामीण, जनप्रतिनिधि और अधिकारी शामिल हुए।

- साइबर योद्धा बने जागरूकता के वाहक
- पुलिस और यूनिसेफ की पहल, पोरतेंगा में लगा शिविर

#### गांव-गांव घूमेंगे 'साइबर योद्धा'

पुलिस और यूनिसेफ की इस संयुक्त पहल में 'साइबर योद्धा' तैयार किए गए हैं, जो लोगों को घर-घर जाकर साइबर ठगी और डिजिटल धोखाधड़ी से बचाव के तरीके बताएंगे। एएसपी सोनी ने कहा, अगर किसी अनजान नंबर से ज्यादा पैसे का लालच मिले, तो सतर्क हो जाएं। किसी को भी अपना ओटीपी या पर्सनल डिटेल न दें।

#### अभिव्यक्ति ऐप को बताया कारगर हथियार

अधिकारीगण ने अभिव्यक्ति ऐप को डाउनलोड करने की सलाह दी। इस ऐप के जरिए शिकायत दर्ज की जा सकती है और इमरजेंसी में एसओएस बटन दबाकर पुलिस से तुरंत मदद ली जा सकती है।

#### एसडीओपी ने दिया महत्वपूर्ण संदेश

एसडीओपी चंद्रशेखर परमा ने कहा कि यातायात नियमों का पालन करें, शराब पीकर वाहन न चलाएं। टोनही प्रताड़ना जैसे अंधविश्वासों से बचें और सर्पदंश की स्थिति में तुरंत अस्पताल जाएं, झाड़-फूंक से बचें।

#### नुक्कड़ नाटक ने खींचा ध्यान

जय हो संस्था के वालंटियर्स ने नुक्कड़ नाटक के जरिए साइबर अपराध से जुड़ी समस्याओं को दिखाया और जागरूकता का संदेश दिया।
इस अवसर पर यूनिसेफ की शालिनी गुप्ता, तेज राम सारथी, पोरतेंगा सरपंच प्रेमा खलखो, चैली टांगर टोली सरपंच अशोक एक्का और लोदाम थाना प्रभारी निरीक्षक हर्षवर्धन चौरासे सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

#### जिलेभर में चलाया जाएगा अभियान

एएसपी सोनी ने बताया कि वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक शशि मोहन सिंह के निर्देश पर यह अभियान जिले के सभी गांवों, बाजारों और स्कूलों तक चलाया जाएगा।

---

## कुटमा में राजमिस्त्री प्रशिक्षण प्रारंभ

**जशपुरनगर।** भारत सरकार के द्वारा प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत सभी आवासहीन परिवारों को पक्के मकान बनाकर देने के लक्ष्य को पूरा करने हेतु रोहित व्यास एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत अभिषेक कुमार के मार्गदर्शन में एसबीआई आरसेटी जशपुर द्वारा प्रोजेक्ट उन्नति के तहत विकास खण्ड बगीचा के ग्राम कुटमा में 30 दिवसीय राजमिस्त्री प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया है। प्रशिक्षण के तहत प्रशिक्षणार्थियों को पीसीसी बेड, कंक्रीट फौडेशन, भवन निर्माण, माप सबंधी जानकारी, भवन का लेआउट करना, नीव स्तभ बनाना एवं विभिन्न प्रकार की जानकारी



प्रदान की जा रही है, ताकि सभी प्रशिक्षणार्थी राजमिस्त्री कार्या में दक्षता हॉसिल कर सकें एवं भारत सरकार की महत्वकांक्षी योजना प्रधान मंत्री आवास का लक्ष्य पूर्ण करने में सहभागी बन सकें साथ ही साथ सभी अपनी आजिविका में वृद्धि कर सकें।

## आयुष्मान आरोग्य मंदिर पिरई, गड़ाकाटा बगडोल को मिला एनक्वास सर्टिफिकेशन

**जशपुरनगर।** जिले की तीन संस्थाओं को उत्कृष्ट स्वास्थ्य सुविधाओं के लिए एनक्वास सर्टिफिकेशन प्रदान किया गया है।

भारत सरकार द्वारा स्वास्थ्य सुविधाओं की उत्तम गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए प्रत्येक स्वास्थ्य संस्था का मानकों के अनुसार विकास के लिए मां, दक्षता, सुमन, लक्ष्य तथा एनक्वास जैसे अनेक कार्यक्रमों के माध्यम से स्वास्थ्य संस्थाओं की गुणवत्ता परीक्षण की जाती है। जिसके तहत भारत सरकार ने 2026 तक देश के समस्त स्वास्थ्य संस्थाओं को एनक्वास



सर्टिफिकेट दिलाने का लक्ष्य रखा है। जिसका उद्देश्य स्वास्थ्य सुविधाओं को सुदृढ़ करना है। जिसके तहत विगत दिनों भारत सरकार द्वारा स्वास्थ्य संस्थाओं की जांच हेतु दल बगीचा विकासखण्ड पहुंचा था। जिसके द्वारा विकासखंड की 04 स्वास्थ्य संस्थाओं का असेसमेंट किया गया। जिसमें तीन संस्थाओं के उत्कृष्ट प्रदर्शन पर उन्हें एनक्वास सर्टिफिकेट प्रदान किया गया है। जिसमें आयुष्मान आरोग्य मंदिर पिरई को 91.59 प्रतिशत, आयुष्मान आरोग्य मंदिर गड़ाकाटा को 89 प्रतिशत, वहीं आयुष्मान आरोग्य मंदिर बगडोल ने 76 प्रतिशत मानक अंकों के साथ इस सर्टिफिकेशन प्रदान किया गया है।

---

## सुशासन तिहार : दुलदुला में समाधान शिविर

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

सुशासन तिहार के तीसरे चरण में शुक्रवार को समाधान शिविर का आयोजन दुलदुला के नोनियाताला में किया गया। इस शिविर में कलेक्टर रोहित व्यास, जिला पंचायत उपाध्यक्ष शौर्य प्रताप सिंह जूदेव,जनपद अध्यक्ष रामकुमार सिंह,उपाध्यक्ष रविन्द्र गुप्ता,जनपद सदस्य कपिलदेव साय, मेनका बेसरा, दुलदुला सरपंच मनोज कुमार शामिल हुए। इस अवसर पर कलेक्टर ने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की पहल पर पूरे राज्य में सुशासन की स्थापना और लोगों से सीधे संवाद कर उन्हें लाभान्वित करने और सुशासन को घर घर तक पहुंचाने के लिए सुशासन तिहार का आयोजन किया जा रहा है। जिसके प्रथम चरण में 1लाख से अधिक आवेदन प्राप्त हुए हैं जिसमें से 16 सौ से अधिक आवेदन आवेदन दुलदुला में प्राप्त हुए थे। जिसमें से 16 सौ से अधिक का समाधान भी सुशासन तिहार के दूसरे चरण में कर लिया गया है। उन्होंने कहा कि सुशासन एक सतत प्रक्रिया है इसे निरंतर स्थापित करने के लिए गांव की समस्याओं के गांव में समाधान के लिए ग्रामीण सचिवालयों की स्थापना की जा रही है। इन सचिवालयों में ग्रामीण अधिकारी जैसे पटवारी, सरपंच, सचिव आदि हफ्ते में एक बार गांव में एक जगह बैठेंगे और ग्रामीण समास्याओं का निराकरण करेंगे।

- जनप्रतिनिधियों ने शिविर में हितग्राहियों को किया समाग्री वितरण



समाधान शिविर में जानकारी प्राप्त करते कलेक्टर।

इस अवसर पर जनप्रतिनिधियों द्वारा समाधान शिविर में विभिन्न स्टालों का भ्रमण कर आये हितग्राहीमूलक योजनाओं में लाभान्वित हितग्राहियों को समाग्री वितरण किया गया। जिसमें 01 दिव्यांग को मोटराइज्ड ट्राइसाइकिल, 05 हितग्राहियों को केसीसी कार्ड, 15 हितग्राहियों को उच्च गुणवत्ता के भिंडी के बीज, 02 हितग्राहियों को नर्सरी जाल, 01 हितग्राही को आईस बॉक्स, 10 हितग्राहियों को राशन कार्ड तथा 10 हितग्राहियों को बी 01 खसरा प्रदान किया गया। शिविर में आयी मांगों में से अधिकतर का समाधानकारक निराकरण करते हुए हितग्राहियों को इसकी जानकारी भी दी गयी। इस अवसर पर तत्स्थान भी विभिन्न आवेदन ग्रहण कर समाधान किया गया। इस दौरान विभिन्न विभागों द्वारा योजनाओं को प्रदर्शित करती हुई प्रदर्शनी लगाई गई। इसके अतिरिक्त चिकित्सा शिविर, पशुचिकित्सा शिविर के साथ आयुष्मान कार्ड निर्माण, श्रम पंजीयन, आयुष्मान कार्ड निर्माण, केसीसी निर्माण हेतु आवेदन भी प्राप्त किये गए।

## जल संरक्षण समय की सबसे बड़ी आवश्यकता : जल प्रहरी

**रायगढ़।** जिला प्रशासन के तत्वाधान में जल संकल्प रायगढ़ कार्यक्रम का आयोजन आज सुशासन तिहार शिविर स्थल गोपालपुर रायगढ़ में आयोजित किया गया। इस अवसर पर जल प्रहरी नीरज वानखड़े उपस्थित रहे।

कार्यक्रम में जल प्रहरी नीरज वानखड़े ने जल संचय न होने पर आने वाले समय में होने वाली जल समस्या के बारे में विस्तृत जानकारी दी। जल संकल्प रायगढ़ कार्यक्रम का उद्देश्य लोगों को जल संरक्षण और स्वच्छ पेयजल के महत्व के प्रति जागरुक करना है। उन्होंने कहा कि जल हमारे जीवन के लिए



अनिवार्य घटक है, बिना इसके जीवन की कल्पना भी नहीं की जा सकती।

वर्तमान हालात में विश्व के अनेक हिस्से ऐसे है जहां पानी की कमी है। बढ़ती जनसंख्या, प्रदूषण में वृद्धि, जलवायु में लगातार हो रहे परिवर्तन के कारण साफ पेयजल की समस्या लगातार बढ़ती जा रही है। वाटर हीरो नीरज वानखड़े ने लोगों को पानी कैसे बचाए के संबंध में विभिन्न गतिविधियों से अवगत कराया। उन्होंने अपने अभिनव मॉडल के माध्यम से लोगों को जल संरक्षण के संबंध में विस्तृत जानकारी दी। सोखता गड्ढा, रैन वाटर हार्वेस्टिंग रिचार्ज पीट कैसे बनाए, कैसे वर्षा जल संचय करें के बारे में उपस्थित जन समूह को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने प्रश्नोत्तरी कार्यक्रम के दौरान लोगों का जल संचय के संबंध में ध्यान केनद्रित कराया। कार्यक्रम में समूह की दीदी और नन्हें बच्चों को मंच से पुरस्कृत किया गया। इस अवसर पर अतिरिक्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत एवं विकासखण्ड स्तरीय अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

## भामुमो व राष्ट्रीय आदिवासी एकता परिषद के पदाधिकारियों को स्पष्टीकरण पत्र जारी

**जशपुरनगर।** कार्यालय कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी द्वारा भारत मुक्ति मोर्चा और राष्ट्रीय आदिवासी एकता परिषद् के जिला संयोजक व सह संयोजक को शासन द्वारा जारी दिशा निर्देशों का पालन नहीं कर बगैर अनुमति के 3 मई 2025 को धरना प्रदर्शन करने और असंवैधानिक तरीके से छग शासन के मुख्यमंत्री एवं बागबहार तहसीलदार कृष्णमूर्ति दीवान के विरूद्ध अभद्र टिप्पणी करते हुए शासकीय कार्य में व्यवधान उत्पन्न करने की कोशिश करने के लिए 3 दिवस के भीतर स्पष्टीकरण प्रस्तुत करने पत्र जारी किया गया है।

नियत समय-सीमा में समाधानकारक जवाब प्रस्तुत नहीं किये जाने की स्थिति में भारत मुक्ति मोर्चा और राष्ट्रीय आदिवासी एकता परिषद् के जिला संयोजक व सह संयोजक के विरूद्ध एकपक्षीय कार्रवाई की जाएगी। जिसकी संपूर्ण जिम्मेदारी उनकी होगी। भारत मुक्ति मोर्चा के जिला संयोजक व सह संयोजक द्वारा 03 मई को बिना अनुमति के पालीडीह चौक पत्थलगांव में धरना प्रदर्शन किया गया।

---



## तरबूज के खेत में फेंसिंग कर किया करंट प्रवाहित, युवक की मौत के बाद मचा बवाल

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

जयनगर थाना क्षेत्र के जमदेई ग्राम में स्थानीय युवक द्वारा लीज में जमीन लेकर उसमें किए जा रहे तरबूज की खेती को चोरों व जानवरों से बचाने कराए गए फेंसिंग में करेंट प्रवाहित कर देने से गांव का 37 वर्षीय चरवाहा की मौत हो जाने के बाद ग्रामीणों ने आज मृतक के परिवार को मुआवजा दिलाने जमकर हंगामा मचाया। ग्रामीणों के उग्र रूप और प्रशासनिक हस्तक्षेप के बाद आरोपित के परिजनों द्वारा मृतक के परिवार को दाह संस्कार के लिए एक लाख रु नगद राशि दिए जाने के बाद मामला किसी तरह शांत हुआ। जिसके बाद पुलिस ने शव को पीएम पंचनामा के लिए अस्पताल भेजा है।

मृतक के परिजनों का आरोप है कि पुलिस घटना के दूसरे दिवस बड़े सबेरे चार बजे भोर बिना मृतक के परिजनो को सूचना दिए चुपचाप शव को उठवा पीएम के लिए अस्पताल ले जा रही थी जिसका स्थानीय लोगो ने विरोध कर शव वाहन को घंटों रोक पुलिस के खिलाफ नारेबाजी कर हंगामा मचाया ।सूचना पर पहुंची प्रशासनिक टीम के हस्तक्षेप और आरोपी पक्ष के द्वारा मृतक के दाह संस्कार के लिए उसके परिवार को एक लाख रु मौके पर नगद दिया और प्रशासनिक टीम ने शासन से मुआवजा दिलाने का आश्वासन दिया तब जाकर मामला शांत हुआ,और फिर शव को अस्पताल भेज पीएम पंचनामा के बाद परिजनो को सौंपा गया जहां देर शाम गमगीन माहौल में मृतक का स्थानीय मुक्तिधाम में अंतिम संस्कार कर दिया गया ।बताया जाता है कि मृतक बबल यादव पिता रामरति यादव 37 वर्ष निवासी पेंड्रखी जो अपने ससुराल जमदेई में घर जमाई रह वही गाय भैंस पाल छोटा मोटा दूध बेचने का काम कर अपना व परिवार का भरण पोषण करता है।बुधवार सात मई को वह भैंस चराने निकला था कि गांव के ही युवक शैलेन्द्र साहू द्वारा लीज में जमीन ले उसमें उसके द्वारा तरबूज की खेती की जा रही थी।तरबूज की खेती को चोरों और मवेशियों से बचाने लोहे की फेंसिंग कटीले तार में उसके द्वारा करेंट बिछा दिया गया था।कल भैंस चराने के दौरान बबल यादव करेंट की चपेट में आ गया जिससे उसकी मौके पर मौत हो गई।घटना बुधवार शाम पांच छह बजे आसपास की बताई गई है।सूचना पर पहुंची पुलिस शाम होने के कारण और परिजनो के विरोध के कारण शव का उठाव नहीं कर सकी।पुलिस ने मामले में मर्ग कायम कर मौके पर पुलिस बल तैनात कर दिया था।बताया जाता है घटना के बाद नाराज स्थानीय लोगो ने आरोपित की जमकर पिटाई कर दिया।आरोप है कि सुबह करीब चार बजे जयनगर पुलिस चुपचाप शव को मौके से उठवा अस्पताल ला रही थी तभी ग्रामीणों ने मौके पर एकत्र हो पुलिस के खिलाफ नारेबाजी शुरू कर शव लोड वाहन को रोक लिया और पुलिस पर आरोपी को बचाने का आरोप लगा हंगामा करने लगे।घंटों चले हंगामा के बाद सूचना पर मौके पर मानी तहसीलदार प्रियंका रवि एसडीओपी अभिषेक पैकरा पहुंच हंगामा कर रहे ग्रामीणों को समझाया लेकिन वे पचास लाख की मुआवजा की मांग को लेकर हंगामा करते रहे।

---

## आधीरात चोरी की नीयत से घर में घुसे अपराधियों ने की युवक की हत्या

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीतापुर

घर में चोरी की नीयत से घुसे अपराधियों ने जलावन लकड़ी से वार कर युवक की हत्या कर दी। घटना के बाद आरोपी ग्रामीण के घर से पांच नग बकरा बकरी चोरी कर फरार हो गए। संभावना जताई जा रही चार से पांच बदमाश चार पहिया वाहन से चोरी करने आए थे और युवक से सामना होने पर उसकी हत्या कर दी। फिलहाल पुलिस दवरा शव को पीएम उपरान्त परिजन के सुपुर्द कर दिया है और मामले में अपराध दर्ज कर आरोपी की तलाश की जा रही है।

बताया जा रहा है कि थाना के केरजू चौकी अंतर्गत ग्राम गेरसा टोंगरीपारा निवासी 45 वर्षीय रैदु आ. पंचम नागवंशी के घर गुरुवार की देर रात चार से पांच लोग चोरी की नीयत से घुस आए थे। अपराधी ग्रामीण के घर में बकरा बकरी की चोरी करने के लिए घुसे थे। इसी दौरान घर में घुसे चोरों की आवाज सुनकर रैदु उठ गया और उसका चोरों से समना हो गया। चोरों को देखकर ग्रामीण ने उन्हें पकड़ने का प्रयास किया तो अपराधियों ने घर में मौजूद जलावन लकड़ी से रैदु पर हमला कर दिया। इस दौरान शोर शराबा सुनकर युवक के बुजुर्ग माता-पिता भी बीच बचाव के लिए आए लेकिन आरोपियों ने रैदु के सिर पर लकड़ी से लगातार कई बार हमला किया जिससे युवक की मौके पर ही मौत हो गई। युवक की हत्या करने के बाद आरोपी घर से पांच नग बकरा बकरी लेकर फरार हो गए। संभावना जताई जा रही है कि चोरी के लिए अपराधी चार पहिया वाहन सी आए थे और इस वारदात में चार से पांच लोग शामिल थे। हालांकी घटना के दौरान घर में दो अपराधी घुसे थे जबकि बाकी लोग घर के बाहर खड़े थे। इस घटना के बाद क्षेत्र में सनसनी फैल गई है। घटना की सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंची पुलिस द्वारा शव को पीएम उपरान्त परिजन के सुपुर्द कर दिया गया है इसके स्थ ही मामले में बीएनएस की धारा 103, 332, 309,115(2), 351(2) 3(5) के तहत अपराध दर्ज किया है।



थाने के बाहर मृतक के परिजन, इनसेट में मृतक।

#### दो दिन पहले भी घर मे घुसे थे लोग

बताया जा रहा है कि इस घटना के दो दिन पहले भी देर रात को अज्ञात लोग रैदु के घर में घुसे थे। इस दौरान उन्होंने रैदु पर अपनी पत्नी को छोड़ने का आरोप लगाकर जमकर हंगामा किया था। मृतक के माता-पिता ने पुलिस को बताया कि जब रैदु हाथ मे टांगी पकड़कर जब बाहर निकला तब वे लोग वहां से भाग खड़े हुए थे।

## राखड़ लोड ट्राला पलटा कोई हताहत नहीं

**बिश्रामपुर।** बीती रात राखड़ परिवहन में लगी एक राखड़ लोड ट्राला वाहन सीजी 10 बीपी 5024 बिश्रामपुर रेहर गायत्री मुख्य पर डेडरी गांव में अनियंत्रित होकर पलट गई है।घटना बुधवार देर रात की बताई गई है।बताया जाता है कि वर्तमान में पिछले छह आठ माह से राज्य के अलग अलग पॉवर प्लांट से राखड़ परिवहन का कार्य बिश्रामपुर तक हो रहा है।उक्त राखड़ को क्षेत्र के खुली खदानों में डंप किया जा रहा है।इस कार्य में सैकड़ों ट्राला वाहन दिन रात अलग अलग मार्गो से आवाजाही कर रही है।आरोप है कि क्षमता से अधिक ओवरलोड वाहनों को सहित सड़क परिवहन विभाग के नियमों के विपरीत तेज गति से मुख्य सड़क से राखड़ का परिवहन कराया जा रहा है जिससे आमजनो के लिए मुसीबत बनी हुई है।सबसे मुख्य बात यह है कि राख डंप करने के बाद ये वाहन मुख्य सड़क से बिना तिरपाल ढके राख उड़ाते हुए मुख्य बाजार से तेजी से पार होती हैं जिससे यात्री व व्यवसाई हवा में राख उड़ने से असहज महसूस करते है।

9-MAY- JASH-CORIYA-RGH-JANJ-Bhoomi pg-3_Layout 1 5/9/2025 7:54 PM Page 1





# ब्रिगेडियर जोशी की भूमिका निभाएंगे जैकी श्रॉफ

**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेता अनुपम खेर शानदार अभिनय के लिए जाने जाते हैं, लेकिन अब वह अपनी आगामी फिल्म 'तन्वी द ग्रेट' में बतौर निर्देशक से चर्चा में हैं। अब अनुपम खेर ने बोमन ईरानी के बाद फिल्म में एक और दिग्गज एक्टर की एंट्री का खुलासा किया है। सुपरस्टार जैकी श्रॉफ फिल्म में ब्रिगेडियर जोशी की भूमिका में नजर आएंगे। साझा किए गए पोस्टर में जैकी श्रॉफ आर्मी ऑफिसर की भूमिका में दिख रहे हैं। निर्देशक अनुपम खेर ने यह पोस्ट साझा करते हुए अभिनेता जैकी श्रॉफ के लिए एक खास संदेश लिखा है। उन्होंने कहा, 'जैकी श्रॉफ मेरे भाई हैं, हमने न केवल कई फिल्मों में एक साथ काम किया है।



लाइफ Style

# निकिता


## हर जगह पर होते हैं फेक और रियल लोग

बॉलीवुड पर अक्सर ये इल्जाम लगते रहे हैं कि बॉलीवुड नकल करके कॉन्टेंट तैयार करता है। नेपोटिज्म के आरोपों से बॉलीवुड कई बार घिरा रहा है। आउटसाइडर्स को काम न मिलने पर और अगर काम मिला तो भी स्टार किड्स के बाद तवज्जो मिलने पर, बॉलीवुड को घेरा जाता रहा है।

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

ज्वेल थीफ- द हाइस्ट बिगेन मूवी में सैफ अली खान और जयदीप अहलावत के साथ नजर आईं निकिता दत्ता इस बारे में क्या सोचती हैं। क्या निकिता दत्ता को भी बॉलीवुड फेक और चोर लगता है। इस बारे में निकिता दत्ता ने अपने विचार साझा किए हैं। क्या बॉलीवुड फेक है? इस सवाल पर निकिता दत्ता के फेस पर एक बड़ी सी स्माइल नजर आती है। सवाल के बदले में वो उल्टा सवाल करती हैं कि फेक आखिर कौन नहीं है। निकिता दत्ता का कहना है कि फेक और रियल लोग हर जगह पर होते हैं। कोई जगह ऐसी नहीं होती जहां सौ फीसदी जेनुविन लोग मिल सकें. उन्होंने आगे कहा कि बॉलीवुड पर अक्सर नेपोटिज्म के इल्जाम लगते रहे हैं। लेकिन उनका पर्सनल एक्सपीरियंस है कि बहुत से नेपो लोग बहुत अच्छे हैं और नॉन नेपो लोग बहुत बुरे हैं। कई बार ये एक्सपीरियंस उल्टा भी रहा है। निकिता दत्ता कहती हैं कि खामियां हर जगह है। इसलिए ये सही नहीं है कि पूरा बॉलीवुड ही कमियों से भरा है या फिर फेक है। क्या बॉलीवुड का कंटेंट चोरी का है? इस सवाल पर निकिता दत्ता का कहना है कि कंटेंट चुराना आज के जमाने में आसान नहीं है। लेकिन, आज जो भी काम होता है वो पहले के कामों से इंस्पायर है। निकिता दत्ता के मुकाबिक पुराने दौर के जो आर्टिस्ट रहे हैं या फिर क्रिएटर्स रहे हैं आज के सारे सितारे उन्हीं से इंस्पायर हैं।

हॉलीवुड मसाला



# कियानू रीव्स की होगी वापसी

**लॉस एंजिल्स।** कियानू रीव्स की एक्शन थ्रलिर 'जॉन विक' के फैंस के लिए बड़ी खुशखबरी है। खूंखार हिटमैन की पर्दे पर वापसी होने वाली है। 'जॉन विक 5' को लेकर मेकर्स ने अपडेट जारी किया है। स्टेल्स्की ने फ्रेंचाइजी के फैंस से कहा है कि 'जॉन विक 5' का ट्रेलर ऐसा होगा, जिसे देखने के बाद लोग अपनी बेताबी रोक नहीं पाएंगे। यह फिल्म इसी साल 6 जून को वर्ल्डवाइड रिलीज होने वाली है। डायरेक्टर चैड स्टेल्स्की ने साफ शब्दों में कहा है कि वह कियानू रीव्स को एक बार फिर पर्दे पर 'जॉन विक' के रूप में लाने वाले हैं।




# साइमन पेग ने गिनाई 'मिशन इम्पॉसिबल' की हैरतअंगेज खूबियां

**लॉस एंजिल्स।** हॉलीवुड फिल्मों की सबसे लोकप्रिय फ्रेंचाइजी में से एक 'मिशन इम्पॉसिबल' की आखिरी कड़ी की रिलीज में अब सब 10 दिन ही बचे हैं। फिल्म के हीरो टॉम क्रूज के असली स्टंट्स के लिए महीनों से चर्चा में बनी हुई इस कड़ी की आखिरी फिल्म 'मिशन इम्पॉसिबल द फाइन रेकनिंग'में ही वह सबसे बड़ा राज खुलने वाला है जिसके पीछे एथन हंट ने अपने जीवन के करीब बीस साल लगा दिए हैं। और, इस पूरे सफर में अभिनेता टॉम क्रूज का कंधे से कंधा मिलाकर साथ दे रहे हैं अभिनेता साइमन पेग। सामयन कहते हैं, 'टॉम और मैक्यू हमेशा इस बात को लेकर स्पष्ट रहे हैं कि इस फिल्म फ्रेंचाइजी की कहानी को हमेशा आगे बढ़ते रहना चाहिए। हर बार एजेंट एथन हंट के लिए चुनौतियां बड़ी होती जाती हैं और हर बार ये कहानी भावनात्मक रूप से और गहरी होती जाती है।



# सोनम ने आनंद संग शेयर कीं एनिवर्सरी पर तस्वीरें

**मुंबई।** सोनम कपूर और आनंद आहूजा ने 8 मई 2018 को सात फेरे लिए थे। सात साल बाद सोनम ने उस शुरू हुए हसीन सफर को याद करते हुए सोशल मीडिया पर अपनी हल्दी सेरेमनी से लेकर अपने बेबी वायु के होने तक के शानदार सफर को तस्वीरों के जरिए शेयर किया है। सोनम की इन खास तस्वीरों पर सेलेब्स लगातार कमेंट्स कर रहे हैं और उन्हें वेडिंग एनीवर्सरी की बधाई दे रहे हैं। सोनम कपूर ने इंस्टाग्राम पर अपनी और आनंद आहूजा के अलावा बेटे वायु की भी खास तस्वीरें शेयर की हैं। इन तस्वीरों में सोनम ने अपनी हल्दी सेरेमनी, मेंहंदी, संगीत और शादी की शानदार तस्वीरें शेयर कीं। इसके अलावा सोनम ने अपने बेटे वायु के साथ भी कुछ अनदेखी तस्वीरें शेयर की हैं। इन तस्वीरों के जरिए सोनम ने शादी की सालगिरह पर अब तक का अपना पूरा सफर दिखाया है।



# निभाना चाहते हैं भगवान कृष्ण की भूमिका

**मुंबई।** आमिर खान लंबे समय से अपने ड्रीम प्रोजेक्ट महाभारत के बारे में बात करते आ रहे हैं। हाल ही में उन्होंने कहा कि यह प्रोजेक्ट उनके दिल के बहुत करीब है। उन्होंने बताया, 'महाभारत बनाना मेरा सपना है, लेकिन यह बहुत मुश्किल है।' इस महीने की शुरुआत में आमिर ने पुष्टि की कि महाभारत एक बड़ी फिल्म फ्रेंचाइजी होगी, जिसमें अलग-अलग निर्देशक अलग-अलग हिस्सों पर काम करेंगे। जब उनसे पूछा गया कि वह कौन सा किरदार निभाना चाहेंगे, तो उन्होंने कहा, 'मुझे भगवान कृष्ण का किरदार बहुत पसंद है। मैं उनसे बहुत प्रेरित हूं।' हालांकि, उन्होंने यह भी कहा कि अभी वे इस बारे में ज्यादा कुछ नहीं बोलना चाहते, क्योंकि यह बहुत बड़ा प्रोजेक्ट है। कास्टिंग के बारे में आमिर ने बताया कि हर किरदार के लिए सही अभिनेताओं का चयन किया जाएगा।

टीवी मसाला



# नील भट्ट से दरार के बीच ऐश्वर्या ने तोड़ी चुप्पी

**नई दिल्ली।** टीवी शो 'गुम है किसी के प्यार में'से चर्चा में आए नील भट्ट और ऐश्वर्या शर्मा की जोड़ी पिछले कुछ दिनों से सुर्खियों में है। चर्चा है कि इस रियल लाइफ कपल के रिश्ते में दरार आ गई है। साल 2021 में शादी करने वाले इस जोड़े ने रियलिटी शो बिग बॉस में भी साथ एंट्री ली थी, जहां दोनों की नोकझोंक ने खूब ध्यान खींचा। हाल ही में ये अफवाहें तेज हुईं कि नील और ऐश्वर्या अलग-अलग रह रहे हैं। इस पर अब ऐश्वर्या शर्मा ने टाइम्स ऑफ इंडिया से बातचीत में खुलकर जवाब दिया है। एक्ट्रेस ने कहा, 'हम सोशल मीडिया पर साथ में तस्वीरें शेयर नहीं कर रहे, इसका मतलब यह नहीं कि हमारे रिश्ते में कोई समस्या है। हां, हमारे झगड़े होते हैं हम दोनों ही एक्टर्स हैं और हमारे कॅरियर की दिशा अलग-अलग है, लेकिन हमने हमेशा एक-दूसरे का साथ दिया है।' रिश्ते में दरार की खबरों पर ऐश्वर्या ने साफ किया कि दूसरे कपल्स की तरह हमारे बीच भी कभी-कभी बहस होती है, लेकिन इसका मतलब यह नहीं कि हमारे बीच सब कुछ खत्म हो गया है। उन्होंने यह भी बताया कि उन्होंने मलाड में एक घर किराए पर लिया है, जिससे अफवाहों को और हवा मिली।

## एक्सीडेंट के बाद सामने आई पवनदीप की तस्वीर

**नई दिल्ली।** सिंगर पवनदीप राजन 5 मई की सुबह उत्तर प्रदेश के मुरादाबाद के पास एक सड़क हादसे का शिकार हो गए। वह इस रास्ते से दिल्ली जा रहे थे, पवनदीप की कार गजरौला में हाईवे किनारे खड़े ट्रक में पीछे से घुस गई। इस दुर्घटना में सिंगर बुरी तरह से घायल हुए। इस वक्त दिल्ली के एक अस्पताल में उनका इलाज चल रहा है। पवनदीप की टीम ने उनका हेल्थ



अपडेट साझा किया। सोशल मीडिया पर सिंगर की ऑपरेशन के बाद की एक तस्वीर भी वायरल है। इसमें उनका चेहरा काफी बदला सा नजर आ रहा है। पवनदीप की टीम ने जो बयान जारी किया है उसमें कहा है, 'जैसा कि आप सब जानते हैं कि पवनदीप राजन 5 मई की सुबह मुरादाबाद, यूपी के पास एक सड़क दुर्घटना में घायल हो गए।

# 6 ब्लॉकबस्टर, 7 सुपरहिट और 36 हिट देने वाला सुपरस्टार, फिर भी लगाया फ्लॉप का अंबार

**नई दिल्ली।** बॉलीवुड में एक से एक हिट देने वाले कई हीरो हुए। एक सुपरस्टार धर्मेंद्र भी हैं। जिन्होंने सुपरहिट कॅरियर जीया। जिनके बड़ी बड़ी फिल्मों की बात करें और मोटा-मोटा हिसाब लगाए तो उन्होंने 6 ब्लॉकबस्टर, 7 सुपरहिट और 36 हिट फिल्में दीं। इस तरह वह बॉलीवुड के ही-मैन कहलाए धर्मेंद्र के करियर की पहली फिल्म दिल भी तेरा हम भी तेरे थी। जो 1960 में रिलीज हुई। इस फिल्म के बाद वह ढेरों फिल्मों में नजर आए और इंडस्ट्री के सबसे हैंडसम स्टार के तौर पर छा गए थे। उन्होंने अपने कॅरियर में 50 से भी ज्यादा सुपरहिट फिल्म दी है। इस तरह वह इंडियन सिनेमा के बिगेस्ट सुपरस्टार भी कहलाते हैं। धर्मेंद्र का कॅरियर हमेशा चमकता रहा है। कभी राइटर से घिरे रहते तो कभी डायरेक्टर प्रोड्यूसर से। मगर एक वक्त ऐसा भी था



जब उन्होंने जरूरत के लिए बी-ग्रेड फिल्में भी की। 200 से ज्यादा मूवीज में काम करने वाले धर्मेंद्र का हिट रहे 93 से भी ज्यादा का हिट का रहा है। धर्मेंद्र की पहली हिट डेब्यू के दो साल बाद 1962 में अनपढ़ थी। इसके बाद से साल 2011 तक बतौर लीड का सफर चलता रहा और चमला पगला दीवाना जैसी भी हिट फिल्म दी। कहने को आज भी धर्मेंद्र काम कर रहे हैं। साल 2023 में वह हिट फिल्म रॉकी और रानी की प्रेम कहानी में भी नजर आए थे, लेकिन अब वह सपोर्टिंग रोल में दिखते हैं। धर्मेंद्र ने अपनी टॉप फिल्मों की वजह से 25 सालों तक शीर्ष पर रहने का रिकॉर्ड कामयब किया।

# कोहली के 'लाइक' से बढ़ी अवनीत की लोकप्रियता

**मुंबई।** सोशल मीडिया पर एक छोटा सा 'लाइक्स'कितना बड़ा तूफान ला सकता है यह हाल ही में अवनीत कौर और विराट कोहली के मामले ने दिखा दिया है। भारतीय क्रिकेटर विराट कोहली ने अवनीत की एक इंस्टाग्राम पोस्ट को गलती से लाइक किया, जिसके बाद अभिनेत्री सुर्खियों में छा गईं। हालांकि, विराट ने इसे एल्गोरिदम की गलती बताकर सफाई दी, लेकिन इस वाकये ने 23 साल की अवनीत कौर की पॉपुलैरिटी को और बढ़ा दिया। पंजाब के जालंधर में 13 अक्टूबर 2001 को जन्म लेने वाली अवनीत कौर ने महज आठ साल की उम्र में मनोरंजन जगत में कदम रख दिया था। उन्होंने 2010 में 'डांस इंडिया डांस लिटिल मास्टर्स'से शुरुआत की, जहां



उनकी प्रतिभा को खूब सराहा गया। इसके बाद उन्होंने 'मेरी मां', 'चंद्र नंदिनी', और 'अलादीन - नाम तो सुना होगा' जैसे टीवी सीरियल्स में काम किया। छोटे पर्दे पर उनकी लोकप्रियता ने उन्हें बड़े पर्दे का रास्ता दिखाया। अवनीत ने 2014 में रानी मुखर्जी की फिल्म 'मर्दानी'से बॉलीवुड में डेब्यू किया। इस फिल्म में उन्होंने मीरा का किरदार निभाया, जो छोटा लेकिन प्रभावशाली था। इसके बाद 2017 में वह 'करीब करीब सिंगल' में एक छोटी सी भूमिका में दिखीं।



## एयर स्ट्राइक की खुशी को दोगुना करने के लिए देख सकते हैं ये फिल्में

# इन फिल्मों में भारत ने पाक को चटाई धूल; गर्व से चौड़ा हो जाएगा सीना

*नई दिल्ली। भारतीय सेना ने पहलगाम हमले के बाद 'ऑपरेशन सिंदूर' की शुरुआत की और पाकिस्तान और पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (पाक) में 9 ठिकानों पर एयर स्ट्राइक की। इस ऑपरेशन में आतंकियों के कई बंकर और ठिकाने ध्वस्त किए गए. इस स्ट्राइक ने एक बार फिर भारतीयों को दिल खुश कर दिया है। अपनी इसी खुशी को दोगुना करने के लिए आप बॉलीवुड की वो 10 फिल्में देख सकते हैं, जिनमें भारत ने पाकिस्तान को धूल चटाई, जिनको देखने के बाद आपका भी सीना गर्व से चौड़ा हो जाएगा।*



### बॉर्डर

'बॉर्डर' 1971 के भारत-पाक युद्ध की एक सच्ची घटना पर आधारित है। ये 120 भारतीय सैनिकों की कहानी है जो राजस्थान के लोंगेवाला पोस्ट पर रात भर डटे रहते हैं। दुश्मन की भारी फौज से लड़ते हुए वे सुबह तक का इंतजार करते हैं जब वायुसेना उनकी मदद के लिए आती है। ये फिल्म दिखाती है कि कम संख्या में होने के बावजूद हमारे जवानों का हौसला और जज्बा कितना मजबूत होता है।

### भुजः द प्राइड ऑफ इंडिया

'भुजः द प्राइड ऑफ इंडिया' की कहानी 1971 के भारत-पाक युद्ध की शुरुआत से जुड़ी है। जब दुश्मन के जहाजों ने भुज एयरबेस को तबाह कर दिया था, लेकिन फिर भी स्क्वाड्रन लीडर विजय कर्णिक ने हार नहीं मानी।

### लक्ष्य

'लक्ष्य' एक यंग लड़के की कहानी है जो बिना किसी लक्ष्य के जिंदगी जीता है। करण शेरगिल एक रईस परिवार से है और उसे नहीं पता कि वो जिंदगी में क्या करना चाहता है।

### उरीः द सर्जिकल स्ट्राइक

'उरीः द सर्जिकल स्ट्राइक' 2016 में उरी हमले के जवाब में की गई भारतीय सेना की कार्रवाई पर आधारित है। मेजर विहान सिंह शेरगिल इस मिशन का नेतृत्व करते हैं, जिसमें आतंकियों के खिलाफ गुप्त ऑपरेशन को अंजाम दिया जाता है।

### राजी

'राजी' एक महिला जासूस की कहानी है जो अपने देश के लिए हर खतरा उठाती है। सहमत खान नाम की ये लड़की एक पाकिस्तानी सेना अधिकारी से शादी करती है ताकि पाकिस्तान की खुफिया जानकारी भारत तक पहुंचा सके. ये सब उसके पिता की प्लानिंग के तहत होता है।

### शेरशाह

'शेरशाह' परमवीर चक्र विजेता कैप्टन विक्रम बत्रा की जिंदगी पर आधारित है। फिल्म में दिखाया गया है कि कैसे एक साधारण सा नौजवान, जो बचपन से ही फौजी बनने का सपना देखता है, कैसे युद्ध के मैदान में जाकर असली हीरो बन जाता है।

### एलओसीः कारगिल

'एलओसीः कारगिल' फिल्म 1999 के कारगिल युद्ध पर आधारित है। इसमें भारतीय सैनिकों की बहादुरी और संघर्ष को बखूबी दिखाया गया है। फिल्म में कई अलग-अलग यूनिट्स और जवानों की कहानियां दिखाई गई हैं जो कारगिल की ऊंची पहाड़ियों पर दुश्मन से लड़ रहे होते हैं।

### द गाजी अटैक

'द गाजी अटैक' एक पानी के नीचे होने वाली जंग की कहानी है। इसमें दिखाया गया है कि भारत और पाकिस्तान के बीच युद्ध होने ही वाला होता है, तभी पाकिस्तान की पनडुब्बी 'गाजी' गुपचुप तरीके से भारत के विशाखापत्तनम बंदरगाह पर हमला करने की योजना बनाती है।

### पिप्पा

'पिप्पा' कैप्टन बलराम सिंह मेहता की सच्ची कहानी पर आधारित है। ये फिल्म 1971 के युद्ध में भारत के पूर्वी मोर्चे की कहानी बताती है, जहां बलराम अपने भाइयों के साथ युद्ध में शामिल होते हैं। वे 45 कैवेलरी रेजिमेंट का हिस्सा होते हैं और एक खास टैंक जिसका नाम 'पिप्पा' होता है, उसमें बैठकर दुश्मन का सामना करते हैं।

### स्काय फोर्स

'स्काय फोर्स' फिल्म 1965 के भारत-पाकिस्तान एयर वॉर पर आधारित है। ये भारत के पहले एयरस्ट्राइक की कहानी दिखाती है जो पाकिस्तान के सर्गोधा एयरबेस पर की गई थी. जैसे-जैसे दोनों देशों के बीच हवाई लड़ाई तेज होती है।

# जिले में हमेशा के लिए बंद हो जाएंगे 510 सरकारी स्कूल

## स्कूलों में 10 से कम है दर्ज संख्या इसलिए आसपास होंगे मर्ज

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

जिले में 510 सरकारी स्कूलों को हमेशा के लिए बंद करने की तैयारी हो रही है। दरअसलए इन स्कूलों में दर्ज संख्या 10 से कम हैए इसलिए ऐसे स्कूलों को आसपास के अन्य स्कूलों में मर्ज किया जाएगा। बता दें जिले में सरकारी स्कूलों की संख्या 2267 है। यदि स्कूलों का मर्ज होता है तो इनकी संख्या घटकर 1767 रह जाएगी।

जिले में 5 सौ से ज़्यादा प्राथमिक, माध्यमिक, हाई और हायर सेकेंडरी स्कूल ऐसे हैं जिनमें दर्ज संख्या 0 से महज 10 तक हैं। इन स्कूलों पर अब बंद होने का खतरा मंडरा रहा है। राज्य शिक्षा केंद्र के निर्देश पर जिला शिक्षा विभाग ने ऐसे स्कूलों का सर्वे कर इन्हें चिन्हित कर लिया है। हालांकि अभी इन्हें बंद किए जाने के संबंध में निर्णय नहीं लिया है, लेकिन कभी भी इन्हें बंद कर इन स्कूलों में मौजूद बच्चों को आसपास के स्कूलों में शिफ्ट किया जा सकता है। कुछ स्कूल ऐसे भी हैं जहां पर आसपास स्थित स्कूल शासन द्वारा तय मापदंड से अधिक दूरी पर हैं। जानकारी के अनुसार युक्तियुक्तकरण के लिए स्कूल शिक्षा विभाग ने पिछले साल प्रक्रिया शुरू की थी। 2 अगस्त को इसके लिए विवाद बढ़ने और चुनाव के चलते इसे स्थगित कर दिया गया था। अब इसे फिर से शुरू किया जा रहा है। प्रदेश के विभिन्न स्थानों में एक ही परिसर में या निकट में दो या दो से अधिक शालाएं संचालित हैं तो इनका युक्तियुक्तकरण होगा। साथ ही अतिशेष शिक्षकों का शिक्षकविहीन और एकल शिक्षकीय शालाओं में युक्तियुक्तकरण किया जाएगा। कम दर्ज संख्या वाले बच्चों में प्राथमिक स्कूलों की संख्या अधिक है।




### दो चरणों में होगा युक्तियुक्तकरण

युक्तियुक्तकरण की कार्रवाई दो चरणों मे होनी है, प्रथम चरण में अतिशेष विद्यालयों का युक्तियुक्तकरण किया जाएगा। जबकि दूसरे चरण में अतिशेष शिक्षकों का नियमानुसार युक्तियुक्तकरण करना है। कलेक्टर के निर्देशानुसार युक्तियुक्तकरण की सम्पूर्ण कार्रवाई शासन द्वारा जारी किए गए नियम के अनुसार ही की जाएगी तथा किसी प्रकार के संशय की स्थिति में उच्चाधिकारी द्वारा मार्गदर्शन दिया जाएगा। कलेक्टर ने जिला शिक्षा अधिकारी और सभी अनुविभागीय अधिकारियों को अतिशेष शालाओं एवं शिक्षकों की जानकारी बनाते समय पूरी तरह से सतर्कता एवं सावधानी बरतने के निर्देश दिए हैं। बताया जा रहा हैं कि युक्तियुक्तकरण की प्रक्रिया आगामी नए शैक्षणिक सत्र तक पूर्ण हो सकता है।

### सरकारी स्कूलों में घट रहे बच्चे

जिले भर के सरकारी स्कूलों में बच्चों की दर्ज संख्या में लगातार गिरावट आ रही है। इसकी एक मुख्य वजह यह है कि आरटीई के कारण गरीब परिवारों के बच्चे भी निजी स्कूलों में प्रवेश पाकर पढ़ रहे हैं। वहीं गरीब परिवार आरटीई के तहत एडमिशन नहीं होने पर खुद भी जैसे.तैसे व्यवस्था कर अपने बच्चों का दाखिला अच्छी शिक्षा दिलाने की चाह में सरकारी स्कूलों में करा रहे हैं। अधिकांश पालकों की यह सोच भी बन गई है कि सरकारी स्कूलों में शिक्षा का निम्न स्तर और कई शिक्षक कर्तव्य के प्रति घोर लापरवाह हैं। इसके चलते पालक सरकारी स्कूलों में बच्चों का दाखिला नहीं कराना चाहते हैं। इन्हीं कारणों से सरकारी स्कूलों की दर्ज संख्या घटती जा रही है।

### इन स्कूलों पर नहीं गिरेगी गाज

हालांकि कम दर्ज संख्या होने के बावजूद कुछ स्कूल बंद नहीं किए जा सकेंगे। इसकी वजह यह है कि शासन के मापदंड है कि प्रत्येक तीन किलोमीटर के दायरे में प्राथमिक स्कूल और 5 किलोमीटर के दायरे में माध्यमिक स्कूल होना चाहिए। इनमें से 2-3 स्कूल ऐसे हैं जिन्हें बंद करने पर बच्चों को पढ़ने के लिए 5 से 6 किलोमीटर दूर जाना होगा। इसलिए इन स्कूलों को बंद नहीं किया जाएगा।

### ऐसे होगा मर्ज

जानकारी के अनुसार स्कूलों का मर्ज एक ही इकाई में होना है। उदाहरण के तौर पर यदि किसी कैंपस में अलग अलग तीन स्कूलों का संचालन हो रहा है तो उसे मर्ज के बाद एक ही इकाई मानी जाएगी। इसे ऐसे समझा जा सकता है। शिक्षा विभाग ने रेंगालपाली में स्थित प्राइमरीए मिडिल और हाई स्कूलों को एक ही इकाई में संचालित करने का निर्णय लिया है। इसी तरह गढ़उमरिया में भी प्राइमरी, मिडिल और हाई स्कूल को अब एक साथ चलाया जाएगा। हालांकि सब जगह ऐसे नहीं होगा। अनेक स्कूलों को बंद भी किया जाएगा।

### स्कूल बंद होने पर यह रहते हैं विकल्प

कम दर्ज संख्या के कारण जब स्कूल बंद कर दिए जाते हैं तो उन स्कूलों में अध्ययनरत बच्चों को पास के स्कूल में दर्ज करा दिया जाता है। इसके अलावा उन स्कूलों में पदस्थ शिक्षकों को उन स्कूलों में भिजवा दिया जाता है जहां शिक्षक नहीं है या फिर कम हैं। कई बार यह होता है कि पूरा स्कूल ही ऐसे गांव में शिफ्ट कर दिया जाता है जहां पर स्कूल नहीं है। इसमें डाइस कोड वही रहता हैए लेकिन गांव का नाम भर बदल जाता है। ऐसा करने पर उस स्कूल में पदस्थ शिक्षकों को भी अन्यंत्र पदस्थ करने की आवश्यकता नहीं पड़ती है।

## खबर संक्षेप

### नांदेड़ सांतरागाछी ट्रेन में स्लीपर कोच की सुविधा

**रायगढ़।** रेलवे प्रशासन द्वारा यात्री सुविधाओं में निरंतर वृद्धि करने की दिशा में कार्य किया जा रहा है। इसी क्रम में रेलवे प्रशासन द्वारा अधिकाधिक यात्रियों को कंफर्म बर्थ के साथ यात्रा सुविधा उपलब्ध कराने हेतु दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे से होकर चलने वाली गाड़ी संख्या 12767/12768 नांदेड़ सांतरागाछी नांदेड़ सुपर फास्ट साप्ताहिक एक्सप्रेस में 01 स्लीपर एवं 01 एसी.3 कोच की सुविधा स्थायी रूप से उपलब्ध कराई जा रही है। यह सुविधा गाड़ी संख्या 12767 नांदेड़.सांतरागाछी सुपर फास्ट में 12 मई 2025 से तथा गाड़ी संख्या 12768 सांतरागाछी.नांदेड़ सुपर फास्ट एक्सप्रेस में 14 मई 2025 से उपलब्ध रहेगी। इस सुविधा की उपलब्धता से इस गाड़ी में यात्रा करने वाले अधिकाधिक यात्री लाभान्वित होंगे।

### आज से 31 जुलाई तक जलाभावग्रस्त जिला घोषित

**रायगढ़।** कलेक्टर मयंक चतुर्वेदी ने ग्रीष्म ऋतु को ध्यान में रखते हुए पेयजल उपलब्धता सुनिश्चित करने हेतु छग पेयजल परिरक्षण अधिनियम के अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए रायगढ़ संपूर्ण जिले को 10 मई से 31 जुलाई तक जलाभाव ग्रस्त क्षेत्र घोषित किया है। उक्त अधिनियम की धारा 6 के अंतर्गत रायगढ़ जिले में उपरोक्त अवधि में सक्षम अधिकारी की पूर्वानुमति के बिना कोई नलकूप पेयजल अथवा पेयजल के अलावा किसी भी अन्य प्रयोजन के लिए खनन नहीं किया जा सकेगा। लेकिन शासकीय एजेंसी जैसे, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग को संपूर्ण जिले में तथा नगर पालिक निगम, नगर पालिक परिषद एवं नगर पंचायतों को केवल पेयजल हेतु अपने नगरीय निकाय की सीमा के अंतर्गत आने वाले क्षेत्र में नलकूप खनन हेतु अनुमति की आवश्यकता नहीं होगी। उन्हें केवल इस अवधि में खनन कराये गए नलकूपों की जानकारी प्राधिकृत अधिकारी को भेजना होगा। उक्त अनुक्रम में नगर एवं ग्रामीण क्षेत्रों में नलकूप खनन हेतु अनुविभागीय अधिकारी राजस्व से विधिवत अनुमति की आवश्यकता होगी। जन सुविधा को ध्यान में रखते हुए उक्त अधिनियम की धारा 6 के अंतर्गत नलकूप खनन हेतु अनुमति की आवश्यकता होगी। कलेक्टर श्री चतुर्वेदी द्वारा जन सुविधा को ध्यान में रखते हुए उक्त अधिनियम की धारा 6 के अंतर्गत नलकूप खनन हेतु अनुमति प्रदान करने के लिए एसडीएम को प्राधिकृत अधिकारी नियुक्त किया गया है। इनमें रायगढ़ एवं पुसौर के तहत आने वाले क्षेत्र के लिए एसडीएम रायगढ़, खरसिया के लिए एसडीएम खरसिया, घरघोड़ा एवं तमनार के तहत आने वाले क्षेत्र के लिए एसडीएम घरघोड़ा, धरमजयगढ़ के तहत आने वाले क्षेत्र के लिए एसडीएम धरमजयगढ़ एवं लैलूंगा क्षेत्र के लिए एसडीएम लैलूंगा को प्राधिकृत अधिकारी नियुक्त किया गया है। उक्त प्राधिकृत अधिकारी अपने.अपने कार्य क्षेत्र में छग पेयजल परिरक्षण अधिनियमों में उल्लेखित प्रावधानों के अनुसार नलकूप खनन आवश्यक होने पर अनुमति प्रदान करने की कार्यवाही करेंगे। यदि किसी व्यक्ति या एजेंसी द्वारा उक्त अधिनियम के उल्लंघन में नलकूप खनन करना पाया जाता है तो उसके विरूद्ध नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

### प्रयास विद्यालय का मॉडल आंसर जारी

**रायगढ़।** मुख्यमंत्री बाल भविष्य सुरक्षा योजनान्तर्गत प्रदेश के आदिवासी उपयोजना क्षेत्र तथा नक्सल प्रभावित क्षेत्र के विद्यार्थियों के लिए प्रयास आवासीय विद्यालयों के कक्षा 9 वीं सत्र 2025-26 में प्रवेश हेतु प्राक्चयन परीक्षा 20 अप्रैल को आयोजित की गई थी। जिसमें उपरोक्त प्रयास बालक, कन्या आवासीय विद्यालयों का मॉडल उत्तर विभागीय वेबसाइट पर प्रदर्शित किए गए है। जिसके संबंध में 15 मई तक दावा आपत्ति मंगाए गए है। आवेदक जिले के संबंधित सहायक आयुक्त आदिवासी विकास जिला रायगढ़ कार्यालय में स्वयं उपस्थित होकर दावा.आपत्ति के पक्ष में दस्तावेज सहित जमा करना होगा। बिना प्रमाण पत्र के दावा आपत्ति को पूर्णतः अमान्य किया जाएगा।



# मुस्लिम समाज ने आतंक के सफाए की मांगी दुआ

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

पहलगाम घटना के बाद से मुस्लिम समाज में भी आतंक के खिलाफ जबरदस्त आक्रोश व्याप्त है। आज मस्जिद गरीब नवाज मधुबनपारा में जूमे की नमाज के बाद देश में अमन शांति और ऑपरेशन सिंदूर की सराहना करते हुए कहा कि हम आतंक के खिलाफ देश और देश के सेना के साथ कंधे से कंधा मिलाकर साथ हैं।

■ आतंक के खिलाफ लड़ाई में देश और देश की सेना के साथ

देश के कश्मीर स्थित पहलगाम में मारे गए लोगों का बदला लेने भारतीय सेना के द्वारा ऑपरेशन सिंदूर चलाया जा रहा हैए पूरा मुस्लिम समाज भारत सरकार के साथ कदम मिलाकर साथ है और ऑपरेशन सिंदूर के सफल हमले और आतंक के सफाए के लिए दुआ करते हुए देश में अमन शांति के लिए दुआ मांगी गई।

इस मौके पर शहर के मस्जिद गरीब नवाज के इमाम हाफ़ज़ि मोहम्मद दानिश साबरी ने कहा कि देश का हर मुसलमान अपने वतन से मुहब्बत करते है और जिस तरह से पहलगाम में बेकसूर भारतीयों को मारा गया और हमारे देश के प्रधान मंत्री के द्वारा आतंक के खिलाफ कार्रवाई शुरू की है हम इसकी सराहना करते हैं और भारत सरकार ओर सेना के साथ है सेना के जज्बे को सलाम करते हैं और हम चाहते हैं कि वतन में अमन शांति और देश की अखंडता के लिए आतंक के सफाए की जरूरत है।



# समाधान शिविर में हितग्राहियों के घर में आई सुविधा और समृद्धि

हरिभूमि न्यूज ⏭ सरसींवा

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के द्वारा चलाए गए सुशासन तिहार, उनके मंशा अनुरूप अब लोगों तक लाभ पहुंच रहे हैं। इसी कड़ी में बिलाईगढ़ विकासखंड के ग्राम तेंदूदरहा में आयोजित समाधान शिविर में तेंदूदरहा निवासी रजउ उरांव को कृषि यांत्रिकीकरण सब मिशन योजना के तहत नया ट्रेक्टर अनुदान के साथ मिला।

आवेदक ने एक लाख 65 हजार का किश्त भुगतान किया है। उसे कृषि विभाग द्वारा ट्रैक्टर 6 लाख 15 हजार रुपए में प्राप्त हुआ है। इसी प्रकार ग्राम पीपरभवना के पैर से दिव्यांग और मूकबधिर भगतुराम चौहान को निशुल्क मोटराइज्ड सायकल मिला। इन दोनों हितग्राहियों को उनकी मन मुताबिक और जरूरतमंद को ध्यान में रखते हुए कृषि और समाज कल्याण विभाग की ओर से यह उपकरण प्रदान किया गया।

ऐसे ही बुजुर्ग महिला रामकुवर और सोनमत को आयुष्मान कार्ड प्रदान किया गया। इस प्रकार लोगों के जीवन में जीवन यापन, रोजमर्रा आवागमन में सुविधा, रोजगार और स्वास्थ्य के लिए निशुल्क इलाज की व्यवस्था राज्य सरकार ने की है। समाधान शिविर में अतिथियों, कलेक्टर डॉ संजय कन्नौजे, एसडीएम वर्षा बंसल आदि के द्वारा हितग्राहियों को दिया गया।

# बरसात से पहले नगर निगम ने शुरू किया नाले सफाई का श्रीगणेश



हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

नगर निगम ने बारिश के पूर्व नालों की सफाई तेज कर दी है। शहर के लक्ष्मीपुरस्थित नाले की सफाई से अभियान की शुरूवात की गई है। बारिश के पूर्व पूरे नालों की पूरी तरह से सफाई कराए जान की तैयारी है। ताकी बारिश में पानी का बहाव सही रहे और जल भराव वाली स्थिति न बने। अब लगातार शहर के अलग.अलग क्षेत्र में स्थित नालों की सफाई की जाएगी। इस दौरान महापौर जीवर्धन चौहान के साथ सभापति डिग्री साहू, एमआईसी सुरेश गोयल, अशोक यादव, मुक्तिनाथ बबुआ, अमित शर्मा, पार्षद नेहा देवांगन, अन्नू सारथी मौजूद रहे। जानकारी के अनुसार गुरूवार की सुबह शहर के लक्ष्मीपुर नाले की सफाई की गई है। नगर निगम की टीम जेसीबी के साथ पहुंची। जहां नाले की सफाई शुरू की गई है। अब इसके साथ ही नाले को शहर से लेकर पूरी क्षेत्र में सफाई किया जाएगा। बताया जा रहा है कि जिन.जिन क्षेत्र में जलभराव की स्थिति होते है उसे ध्यान में रखते हुए नगर निगम की टीम सफाई में लगा हुआ है। जेसीबी की सहायता से सफाई अभियान शुरू किया गया है। इसके साथ ही शहर के अलग.अलग नालो की सफाई जल्द ही किए जाने की बात नगर निगम की टीम द्वारा किया जा रहा है। इसके साथ ही शहर के प्रमुख क्षेत्र में नाली सफाई अभियान भी शुरू किया जा चुका है। जिससे की नाली का पानी बरसात में सड़क पर न आ सके। लगातार सफाई पर फोकस किया जा रहा है ताकि बारिश में परेशानी न हो। महापौर जीवर्धन चौहान से पूजापाठ कर भुंजबधान तालाब की साफ-सफाई अभियान की शुरूवात की है। यहां लंबे समय से देखरेख के आभाव में गंदगी हो गया था। गर्मी में तालाब पूरी तरह से सुख गया है। ऐसे में तालाब की सफाई की जा रही है। ताकि बरसात का पानी को संरक्षित किया जा सके। आगे तालाब की सौदर्यीकरण की तैयारी जारी है। इसके लिए इस्टीमेट बनाया जा रहा है।

■ महीने भर तक शहर में चलेगा अभियान, नहीं होगी जल भराव की स्थिति

# श्रमिक परिवार के टॉपर्स को मिलेगा दो-दो लाख



हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल के द्वारा हायर सेकेण्डरी एवं हाई स्कूल के परीक्षा परिणाम घोषित किए गए, जिसमें जिला रायगढ़ के 5 विद्यार्थियों ने टॉप 10 में अपना स्थान बनाया। इन विद्यार्थियों में से 02 विद्यार्थी के माता.पिता श्रमिक का कार्य करते हैं।

जानकारी लेने पर प्राप्त हुआ कि दोनों ही विद्यार्थियों की माता श्रम विभाग के भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण मंडल में पंजीकृत हैं। कक्षा 12 वीं मे प्रदेश में 6वां स्थान प्राप्त करने वाली छात्रा कृतिका यादव की माता श्रीमती भानूकला यादव ग्राम कोड़ातराई से एवं कक्षा 10वीं में प्रदेश में 9वां स्थान प्राप्त करने वाले छात्र रौनित चौहान की माता श्रीमती रेणु चौहान भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण मंडल में पंजीकृत हैं। भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण मंडल के अंतर्गत मुख्यमंत्री नोनी बाबू मेधावी छात्र-छात्रा शिक्षा प्रोत्साहन योजना के तहत प्रोत्साहन राशि 2 लाख रूपये 01 लाख रुपए की राशि खाते में सीधे हस्तांतरित की जाती है, एवं 01 लाख रूपये स्कूटी स्कीम के अंतर्गत 16 वर्ष पूर्ण करने पर दी जाती है, 16 वर्ष पूर्ण न होने की स्थिति में राशि की एफडी करा दी जाती है। जिसे मुख्यमंत्री के हाथों प्रदान की जाती है। 8 मई को सहायक श्रमायुक्त कार्यालय रायगढ़ में संबंधित छात्र एवं छात्रा उपस्थित हुये जिस पर कार्यालय प्रमुख घनश्याम पाणिग्राही सहायक श्रमायुक्त रायगढ़ द्वारा उनकी उपलब्धियों पर बधाई देते हुए उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएँ की गई। साथ ही श्रमिक माता पिता को बधाई देते हुए संबंधित योजना से अवगत कराया गया।

# समाधान शिविर लाया सौगात दो किसान को मिला ट्रैक्टर

**सरसीवा बिलाईगढ़।** सुशासन तिहार के तृतीय चरण में बिलाईगढ़ विकासखंड के ग्राम पंचायत टुंडरी में समाधान शिविर का आयोजन किया गया। अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष संजय भूषण पांडेय और कलेक्टर डॉ संजय कन्नौजे ने शिविर के स्टालों का निरीक्षण किया। कलेक्टर डॉ कन्नौजे ने महिला एवं बाल विकास विभाग अंतर्गत 4 नन्हे बच्चों को अन्न प्रासन्न और गर्भवती महिलाओं को उपहार प्रदान किया। इस अवसर पर कलेक्टर ने कहा कि जिले के गांव गांव में आयोजित समाधान शिविर का लाभ सभी नागरिक लें। साथ ही अधिकारीगण आवेदकों के आवेदन को जांच कर लें। यदि आवेदन में कोई दस्तावेज की कमी है तो उसकी सूचना आवेदक को दें। उन्होंने जल संरक्षण को बनाए रखने के लिए रैन वाटर हार्वेस्टिंग के कार्य करने के लिए सभी नागरिकों को प्रोत्साहित किया। कलेक्टर ने सभी जनप्रतिनिधियों तथा आम जन मानस को जल संरक्षण हेतु सामूहिक रूप से शपथ दिलाए। इसके साथ साथ डॉ कन्नौजे ने समाज कल्याण विभाग की ओर से हितग्राही को श्रवण यंत्र प्रदान किए। जिला पंचायत अध्यक्ष संजय भूषण पांडेय ने शिविर में पीएम आवास ग्रामीण के 15 हितग्राहियों को आवास पूर्णता प्रमाण पत्र प्रदान किए। इसी प्रकार राजस्व विभाग द्वारा 20 किसान किताब, खाद्य विभाग द्वारा 10 राशन कार्ड, स्वास्थ्य विभाग द्वारा 2 निक्षय मित्र किटए श्रम विभाग द्वारा 14 श्रम कार्ड हितग्राहियों को दिए गए। इस अवसर पर जिले के अधिकारीगण, एसडीएम वर्षा बंसल तहसीलदार कमलेश और देवराज सिदार, जनपद पंचायत सीईओ प्रतीक प्रधान सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे। इस अवसर पर राजस्वए महिला एवं बाल विकास, खाद्य, कृषि, लोक निर्माण, पेयजल के लिए लोक स्वास्थ्य यांत्रिकीए स्कूल शिक्षाए वनए अंत्यावसायी विकास निगम, आबकारी, श्रम, क्रेडा, प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़कए लोक निर्माण सेतु आदि विभाग के द्वारा स्टॉल लगाया गया था। स्वास्थ्य द्वारा सामान्य जांच और आयुष्मान कार्ड बनाने का सुविधा शिविर में उपलब्ध था, जहां लगभग 100 नागरिकों ने अपना चेकअप कराया और लगभग 20 आयुष्मान कार्ड बनवाया।



### दो किसान लाभान्वित

इस शिविर में दो किसानों को उनके खेती में सहयोग और रोजगार करने के लिए ट्रैक्टर के रूप में उपहार मिला है। कलेक्टर डॉ संजय कन्नौजे और अतिथियों के द्वारा समाधान शिविर में ग्राम छिर्रा के किसान आनंदराम साहू और पुरगांव के किसान तेजस्वी साहू को कृषि विभाग के कृषि यांत्रिकीकरण सब मिशन योजना अंतर्गत ट्रैक्टर प्रदान किया गया। इस ट्रैक्टर खरीदी में राज्य सरकार की ओर से हितग्राहियों को अनुदान मिला है। दोनों किसान ने अनुदान में ट्रैक्टर पाकर मुख्यमंत्री विष्णु देव साय को इस योजना को संचालित करने के लिए धन्यवाद दिया है।

# उत्कर्ष योजना में शामिल होने 20 तक प्रतिवेदन

**रायगढ़।** पं जवाहर लाल नेहरू उत्कर्ष योजना यथा संशोधित 2021 का संचालन अनुसूचित जनजाति के ग्रामीण प्रतिभावान छात्र-छात्राओं को गुणवत्ता पूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराने नई सोच के साथ बेहतर कैरियर चयन का अवसर प्रदान करने, प्रतिस्पर्धी बनाने तथा बहुमुखी व्यक्तित्व विकास के लिए अवसर प्राप्त करने के उद्देश्य से संचालित आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विद्यार्थी उत्कर्ष योजना वर्ष 2021 यथा संशोधित संचालित है। योजना अंतर्गत छत्तीसगढ़ राज्य में स्थित सीबीएसई आईसीएसई बोर्ड से मान्यता प्राप्त प्रतिष्ठित आवासीय शालाओं शाला एवं छात्रावास आदि एक ही परिसर में स्थित हो में से विद्यालयों का चयन किया जाना है। चयनित विद्यालयों में विभाग द्वारा चयनित अनुसूचित जाति अनुसूचित जनजाति वर्ग के कक्षा 6 वीं के विद्यार्थियों को प्रवेश दिलाया जाएगा। शालाओं में प्रवेशित विद्यार्थियों का समस्त मान्य शुल्क की प्रतिपूर्ति विभाग द्वारा किया जाएगा। इच्छुक संस्थाएं जो योजना नियम के प्रावधानों के अनुसार पात्रता रखते है, इस योजना के तहत चयनित विस्तृत प्रतिवेदन के साथ जिले में संचालित निजी संस्था का प्रस्ताव 20 मई तक सहायक आयुक्त आदिवासी विकास रायगढ़ में स्वयं उपस्थित होकर उपलब्ध करायेंगे।

online Booking:-www.tripuryatra.com
23 मई, 06 जून, 25 जुलाई, 14 अगस्त, 11 सितम्बर, 03 अक्टूबर, 13 नवम्बर, 18 दिसंबर, 24 दिसंबर 2025 (12 दिन)
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
नेपाल विदेश यात्रा
पशुपतिनाथ, माँ मनोकामना देवी, लुम्बिनि (भगवान बुद्ध का जन्म स्थान), पोखरा (गुप्तेश्वर महादेव, डेविड फॉल विंध्यवासिनी मंदिर, फेवालेक), काठमांडू (बूढ़ा नीलकंठ, बुद्ध स्तूप, काठमांडू दरबार), गोरखपुर, बनारस (श्री काशी विश्वनाथ ज्योतिर्लिंग), अयोध्या (श्रीराम जन्मभूमि), जनकपुर (सीता मईया का जन्म स्थल), सीतामणी
नेपाल विदेश यात्रा के इंडिविजुअल (व्यक्तिगत) पैकेज के लिए संपर्क करें।
राशिः-स्लीपर 17500/-, 3 एसी 27,500/-, 2 एसी 30,500/-(+ 5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411

HEALTH TOWN
अहलूवालिया हॉस्पिटल
नेमीचंद गली, रामसागर पारा, प्रभात टॉकीज के पास, स्टेशन रोड रायपुर
0771-4050006, 8103128515
डॉ. एस.के. अहलूवालिया M.B.B.S., DLO
डॉ. गौरव अहलूवालिया M.B.B.S., D.N.B.-ENT, M.N.A.M.S.
नाक, कान, गला विभाग
● सिर, मुख एवं गले का कैन्सर।
● ऑपरेशन द्वारा ईलाज
● नाक की प्लास्टिक सर्जरी
चक्कर की जाँच
एलर्जी
Dental & Consmetic Treatments
● टेड़े मेढ़े दांतो को सीधा करना
● दांतो की नसों का इलाज
● दांतों की सफाई व चमकाना
● दंत प्रत्यारोपण
● मुंह के कम खुलने का इलाज
(Hearing Aids) सुनाई मशीन